हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

06 नगर पालिका में अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने किया ...



07 राजयोगिनी रतन मोहिनी दादी के उनके सुंदर नाम...





## सराहनीय कार्य: एसपी रोहित काशवानी के मार्गदर्शन में मुस्तैदी दिखा रही विदिशा पुलिस

# मिशन मनी बैक: पुलिस ने 39 प्रकरणों में एक करोड़ 10 लाख से अधिक की राशि वापस दिलाई

**5 गलत ट्रांजेक्शन मामलों में दोनों पक्षों के मध्य समन्वय बैठाकर 2 लाख 76 हजार रुपए की राशि आवेदकों को वापस दिलवाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बढ़ रहे साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने और लोगों को ठगी से बचाने के लिए विदिशा पुलिस मुस्तैदी दिखा रही है। एसपी रोहित काशवानी और एएसपी प्रशांत चौबे के आने के बाद से लोगों में यह विश्वास भी बढ़ गया है कि पुलिस आम जनता के साथ है और अपराधियों में भी पुलिस का खौफ पैदा हुआ है। साइबर ठगी के मामलों को रोकने के लिए पुलिस लगातार लोगों को जागरुक भी कर रही है। वहीं ठगी होने के बाद फरियादी को पैसा वापस दिलाने के लिए भी काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि 39 प्रकरणों में एक करोड़ 10 लाख से अधिक की राशि विदिशा पुलिस फरियादियों को वापस दिला चुकी है।

10 मार्च से 25 अप्रैल यानि 45 दिनों में 39 प्रकरणों में 1 करोड़ 10 लाख 25 हजार रुपए की राशि पीड़ितों को वापस दिलाई गई है। यह शिकायतें 1 जनवरी 2024 से मार्च 2025 तक की हैं। 45 दिन में विदिशा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर प्रथम चरण में 25 हजार या उससे अधिक की सायबर धोखाधड़ी की राशि से संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, सायबर सेल, विदिशा द्वारा आवेदकों को न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करने की सलाह दी गई। समुचित प्रक्रिया समझाकर सहयोग भी प्रदान किया गया।

सायबर फ्रॉड की स्थिति में आवेदक द्वारा टोल-फ्री नंबर 1930 पर कॉल एवं www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जाती है। एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होने के बाद सायबर टीम संबंधित बैंक से समन्वय कर फ्रॉड की गई राशि को ऑनलाइन फ्रीज करवाती है एवं पीड़ित को विधिक कार्यवाही के माध्यम से सहायता प्रदान कर माननीय न्यायालय के माध्यम से लीन मार्क की गई राशि की वापसी सुनिश्चित करवाई जाती है।जागरूकता अभियान – 1 लाख से अधिक नागरिकों को सायबर फ्रॉड से किया सतर्कजिला सायबर टीम एवं समस्त थानों द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में लगातार जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अब तक 1 लाख से अधिक नागरिकों को सायबर अपराधों से बचाव के उपाय, सतर्कता, शिकायत प्रक्रिया की जानकारी दी गई।



विदिशा। साइबर क्राइम पर नियंत्रण के लिए काम कर रहे पुलिस अधिकारियों को शहर के लोगों को किया सम्मान।

### ठगों के द्वारा इस तरह से की जाती है साइबर ठगी

आवेदकों से बातचीत करने पर पुलिस को यह पता चला कि आवेदकों के साथ अलग अलग प्रकार से ठगी की जाती है। जैसी फर्जी लिंक, वेबसाइट से बैंक डिटेल लेकर ठगी की जाती है। फोन पर खुद को बैंक कर्मी बताकर ओटीपी पिन पूछकर। ऑनलाइन शॉपिंग में भुगतान लेकर सामान न भेजना। सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल से, फर्जी जॉब ऑफर, लॉटरी स्कैम, क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर और शेयर मार्केट में पैसा डबल का लालच देकर ठगी की जाती है।

### साइबर टीम के प्रयासों से 1.70 लाख की राशि वापस मिली

विदिशा निवासी शिकायतकर्ता विजय बंसल के मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन करके 1 लाख 70 हजार की राशि धोखे से निकाल ली गई थी। उन्होंने 2 मार्च को सायबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। सायबर सेल विदिशा ने बैंक से समन्वय करते हुए पीड़ित की पूरी राशि को लीन मार्क करवा दिया। सायबर टीम द्वारा आवेदक को राशि वापसी करने न्यायालय में आवेदन करने की समझाइश दी गई। आवेदक को उसके खाते में बैंक के माध्यम से पूरी राशि वापस कराई गई।

### साइबर फ्रॉड से लूटी 62 हजार की राशि आवेदक को वापस दिलाई

आवेदक ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया कि 10 अक्टूबर 2024 को एक कॉल आया, जिसमें 4जी से 5जी सिम अपग्रेड करने की बात कही गई। कॉल करने वाले ने कहा कि एक कोड डायल करेंगे तो 5जी सिम एक्टिवेट हो जाएगी और 24 घंटे के बाद चालू होगी। इसके बाद सिम बंद हो गया और शिकायतकर्ता को कोई ओटीपी नहीं मिला। बाद में पाया गया कि शिकायतकर्ता के साथ फ्रॉड हो गया है। जिस पर से शिकायतकर्ता ने तुरंत सायबर हेल्पलाइन 1930 पर 62 हजार रुपए के फ्रॉड होने की शिकायत की। पुलिस ने बैंक के माध्यम से 62 हजार रुपए की राशि वापस कराई।

### फोन पे एप के माध्य माध्यम से ठग ने की 45 हजार की ठगी

आवेदक फिरोज खान के साथ 28 जून 2024 को फोन-पे एप के माध्यम से ठगी का शिकार बनाया गया। सायबर सेल टीम द्वारा आवेदक को राशि वापसी हेतु न्यायालय में आवेदन करने की समझाइश दी गई। न्यायालयीन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत संबंधित बैंक के माध्यम से आवेदक को 45 हजार की राशि वापस प्राप्त हुई।

## खबर संक्षेप

### शासकीय संस्थानों के बच्चों को प्राथमिकता

**विदिशा।** जिला खेल अधिकारी को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि जिले में ग्रीष्मकालीन खेल शिविरों का कैलेंडर शीघ्र तैयार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेल शिविरों में जिले की सभी शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार खेलों में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि खेल शिविरों की जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग और आईटीआई संस्थानों को भी दी जाए ताकि छात्र समय रहते खेलों में सम्मिलित हो सकें।

### अति कुपोषित बच्चों को गोद लेने के लिए पहल

**विदिशा।** जिले में कुपोषण की समस्या को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एक अभिनव पहल की शुरुआत की है। लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विदिशा जिले में चिन्हांकित अति कुपोषित बच्चों को गोद लेने के लिए विभागीय अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं से सहभागिता ली जा रही है। वर्तमान में जिले में 1536 बच्चे अति कुपोषण श्रेणी में हैं। इन्हें तीन माह की अवधि के लिए गोद लेने की योजना तैयार की गई है। गोद लेने वाले व्यक्ति को प्रत्येक माह 1000 रुपये मूल्य की सुपोषण किट बच्चे को प्रदान करनी होगी।

### एमएसएमई इनोवेशन सेंटर स्थापना पर चर्चा

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में रैम्प योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें उद्योग विभाग द्वारा विदिशा जिले में एमएसएमई इनोवेशन और इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना पर चर्चा की गई। इस बैठक में शैक्षणिक संस्थाओं और औद्योगिक सेक्टर के चयन पर निर्णय लिया गया। रैम्प योजना, जो भारत सरकार और विश्व बैंक के सहयोग से कोरोना काल में प्रभावित इकाइयों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, जिले के विकास में अहम भूमिका निभाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ग्यारसपुर में बावड़ी में किया श्रमदान

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विदिशा जिले में जल स्रोतों के संरक्षण का कार्य सतत जारी है। जिला प्रशासन के निर्देशों पर जन अभियान परिषद ने ग्यारसपुर में प्राचीन खड़ाऊ बावड़ी में श्रमदान किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण जनों और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मिलकर बावड़ी के आसपास फैली गंदगी, कचरा और खरपतवार को साफ किया। इसके साथ ही, साप्ताहिक श्रमदान करने का संकल्प लिया गया।

### जल गंगा अभियान के तहत प्याऊ की स्थापना

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रचार-प्रसार करते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लटेरी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुनखेर में एक प्याऊ स्थापित किया। इस प्याऊ में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है, और मटकों पर जल गंगा संवर्धन और जल ही जीवन है? के स्लोगन लिखकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया है।

### नहरों की सफाई तेजी से करने के निर्देश दिए

**विदिशा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्रोतों को संवारने का कार्य जारी है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के अनुपालन में सम्राट अशोक सागर डैम आरबीसी की डी वन नहर की सफाई की गई। विभागीय अधिकारियों और ग्रामीण नागरिकों ने मिलकर नहर के आसपास फैली गंदगी और खरपतवार को साफ किया, ताकि नहर का पानी अन्य खेतों तक आसानी से पहुंच सके और कोई अवरोध न हो।

### ड्यूटी के दौरान हेड कांस्टेबल को आया हार्टअटैक, मौत

**विदिशा।** कोतवाली थाने में तैनात 34 साल के प्रधान आरक्षक राहुल रावत का सोमवार को भोपाल में निधन हो गया। सुबह ड्यूटी के दौरान उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई। तत्काल विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।



प्रारंभिक जांच में ईसीजी नॉर्मल आया। वे थाने लौट रहे थे कि मेडिकल कॉलेज के गेट पर बेहोश हो गए। डॉक्टरों ने सीपीआर देकर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा। जांच में ब्लॉकेज मिलने पर उन्हें भोपाल के नेशनल अस्पताल रेफर किया गया। दोपहर करीब 2 बजे उनका निधन हो गया। भोपाल के मूल निवासी राहुल विदिशा में अकेले रहते थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। एसपी रोहित काशवानी ने तत्काल सहायता के रूप में 1 लाख रुपए का चेक जारी किया।

### बस की टक्कर से हो गई एक युवक की मौत

**ग्यारसपुर।** नेशनल हाईवे 146 मणिपुर के पास तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार 22 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक रंजीत अहिरवार पुत्र रामलाल अहिरवार निवासी ओलिंजा विदिशा से अपने घर स्कूटी से आ रहा था। मणिपुर के पास अज्ञात बस ने टक्कर मार दी और युवक की मौत हो गई। 1033 एम्बुलेंस से ग्यारसपुर हॉस्पिटल लेकर आए, जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। बस का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कलेक्टर बोले- शिकायतें बंद करने के लिए नहीं बल्कि संतुष्टीपूर्ण समाधान करें, 100 दिन पुरानी शिकायतें शिविर लगाकर हल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में लंबित आवेदनों की समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों से प्राप्त पत्रों पर हुई कार्रवाई की जानकारी दी।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एल-वन स्तर के अधिकारी द्वारा दिए गए उत्तर को एल-टू स्तर पर बिना जांच के कॉपी-पेस्ट न किया जाए। यदि उत्तर से संतुष्ट हैं तो तर्क सहित कारण अंकित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों को केवल बंद करने के लिए नहीं, बल्कि समाधान के लिए गंभीरता से निपटाया जाए। अधिकारी सीमित शब्दों में सटीक और तथ्यात्मक जवाब दर्ज करें और परीक्षण में किसी भी प्रकार की कोताही या आश्वासन शब्दों के प्रयोग से बचें। कलेक्टर ने बताया कि वे स्वयं प्रतिदिन कम से कम पांच आवेदनों का अवलोकन करते हैं और सभी अधिकारियों को भी ऐसा करने के निर्देश दिए।

सौ दिन से अधिक लंबित आवेदनों के शीघ्र समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के आदेश दिए गए हैं। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा प्रेजेंटेशन के माध्यम से की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ समेत सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

### सभी कार्यालयों में सौर ऊर्जा व वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य : डीएम

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय भवनों में सौर ऊर्जा प्लेट लगाने का कार्य कुसुम योजना के तहत शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ वर्षा जल को भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी हर कार्यालय परिसर में स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि ट्यूबवेल को रिचार्ज करने की प्रणाली विकसित की जाए ताकि पानी के स्रोतों का दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित हो सके। इस कार्य में तकनीकी मार्गदर्शन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सात दिन से धरने पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी आज से भूख हड़ताल शुरू करेंगे



विदिशा। धरना स्थल पर प्रदर्शन करते हुए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

माधवराव सिंधिया जिला अस्पताल के बाहर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन सातवें दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नाराजगी जताते हुए मंगलवार से भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की है। प्रदर्शनकारी सरकार से पूर्व में किए गए वादों को पूरा करने और सुविधाएं बहाल करने की मांग कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष आशा भार्गव के अनुसार, संविदा कर्मचारियों के लिए बनाई गई नीति को अभी तक लागू नहीं किया गया है। कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा नहीं मिल रही है। पूर्व में मिलने वाली छुट्टियों में भी कटौती कर दी गई है।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण शामिल है। वे रिटायरमेंट की उम्र सीमा 65 साल करने की मांग कर रहे हैं। एनपीएस ग्रेच्युटी और स्वास्थ्य बीमा की सुविधा की मांग भी प्रमुख है। कर्मचारी डीए की सुविधा चाहते हैं। ईएल और मेडिकल लीव की पुरानी सुविधाओं को बहाल करने की मांग कर रहे हैं। वेतन विसंगतियों में संशोधन भी उनकी मांगों में शामिल है।

## पुलिस कराएगी कुश्ती, निःशुल्क खिलाएगी खेल, ऑनलाइन करना होगा रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा पुलिस और खेल विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह पूर्णताएं निशुल्क हैं।

इसमें 3 से 12 वर्ष और 12 से 18 वर्ष के बच्चे शामिल होंगे। एसपी रोहित काशवानी ने अपील करते हुए बताया कि आउटडोर गतिविधियों में हॉकी, फुटबॉल, कुश्ती, वॉलीबॉल, हैंडबॉल प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इसी प्रकार इंडोर गतिविधियों में पेंटिंग ड्राइंग, जुंबा, मेहंदी, हैंडक्राफ्ट प्रतियोगिताएं रहेंगी। खेलों में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।

पुलिस लाइन में सूबेदार मेघा शर्मा और स्टेडियम में जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत के पास रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 31 कई को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएंगी। विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### मटकों पर भी चढ़ा नए दौर का रंग, कीमत पहुंची 500 पार



**विदिशा।** मटके पर भी नए दौर का रंग चढ़ गया है। सुंदर पेंटिंग वाले इन मटकों की कीमत 500 रुपए से ऊपर है। मटका विक्रेता मोहनगिरी निवासी शुभम प्रजापति ने बताया कि इन्हे गुजराती मटके कहा जाता है और वह भोपाल से इन्हे खरीदकर लाए हैं। आकर्षक होने के कारण इन्हे खूब पसंद किया जा रहा है। इनमें पानी भी बहुत ठंडा रहता है।

## आज 3 घंटे बत्ती गुल, अरिहंत बिहार फीडर का होगा मेंटनेंस

**विदिशा।** 11केव्ही के फीडर के मेंटनेंस के चलते आज अरिहंत बिहार के फीडर से बिजली सप्लाई बंद रहेगी। अरिहंत बिहार फेस वन, खरीफाटक रोड, माधवगंज, लुहांगी, मोहल्ला, काछीकुआ, काछी मोहल्ला, गल्लामंडी, बरईपुरा, रीठापाऊटक, मोहनगिरी, ढलकपुरा क्षेत्र की बिजली सुबह 9.30 बजे से 1.30 बजे तक बंद रहेगी। गर्मियां तेज होती ही ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटनाएं भी होने लगी हैं। दो दिन पूर्व तेज आंधी आने के बाद भी जगह बिजली गुल हो गई थी। झूलते लटकते तारों को भी बिजली कंपनी को दुरस्त करना चाहिए। जिससे बड़ी घटना न हो सके।

## अवैध कटाई व खनन पर रोक के लिए कार्रवाई तेज करने पर सहमति बनी

# वन क्षेत्रों की सुरक्षा को लेकर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में वन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई।

बैठक में एसपी रोहित काशवानी, वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वन मंडलाधिकारी ने गूगल शीट के माध्यम से अवैध कटाई, परिवहन, संगठित अवैध उत्खनन और अतिक्रमण जैसी समस्याओं की जानकारी साझा की। उन्होंने लटेरी, शमशाबाद, ग्यारसपुर सहित संवेदनशील क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कलेक्टर ने अंतर जिला और अंतर्राज्यीय संगठित अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए अन्य जिलों से समन्वय स्थापित कर छापामार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चोरी के वाहनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए परिवहन विभाग के सहयोग से जांच-पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।



विदिशा। बैठक में बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### सीसीटीवी कैमरों से खदानों की निगरानी

बैठक में अवैध उत्खनन की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद लेने, संयुक्त समन्वय से अतिक्रमण हटाने और सूचना तंत्र को मजबूत करने पर भी सहमति बनी। कलेक्टर गुप्ता और एसपीने अवैध वनों की कटाई व उत्खनन पर पूर्ण विराम लगाने के लिए संयुक्त कार्रवाई तेज करने पर विशेष बल दिया। वनवासियों के लिए स्वरोजगार और जनजागरूकता पर जोर कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए कि वन क्षेत्र के आदिवासी समुदायों को शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। बीट गार्डों की नियमित बैठकें लेकर शासन की मंशा से अवगत कराना सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप स्वरोजगार आधारित नवाचारों को बढ़ावा देने पर भी बल दिया गया।

KDBM COLLEGE
CUSTOM PATH SIRONJ, VIDISHA
(AFFILATED TO BU BHOPAL)
FACULTY REQUIREMENT
ASSISTANT PROFESSOR ACCORDING TO CODE - 28
HINDI LIT, GEOGRAPHY, HISTORY, POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY, MATH, ECONOMICS, BOTANY, ZOOLOGY, CHEMISTRY, PHYSICS AND COMMERCE
(QUALIFICATION:- AS PER UGC NORMS)
Interested Candidate Send There Detailed Resume to Email- Kdbm127@gmail.com With In 10 Days.
CONTACT- 9993119303, 9826862397

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2825
उच्चतम भाव- 3611
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 3108
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2426
चना
न्यूनतम भाव-4860
उच्चतम भाव-5670
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3721
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-3100
बटरी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4800
अलसी
न्यूनतम भाव-6520
उच्चतम भाव-7000
मसूर
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-6160
धनिया
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-6080
सरसों
न्यूनतम भाव-5150
उच्चतम भाव-7240
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3150
उच्चतम भाव-4430
मूंग
न्यूनतम भाव-5550
उच्चतम भाव-5550
तुअर
न्यूनतम भाव-6100
उच्चतम भाव-6100

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 26174 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### ससुराल में लगाई युवक ने फांसी

**गंजबासौदा।** त्योदा कै ग्राम हसुआ में एक व्यक्ति ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हसुआ में कैलाश अहिरवार पिता पन्नालाल अहिरवार अपनी ससुराल हासुआ में आया था। रात्रि के समय उसने जामुन के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने का कारण अभी अज्ञात है। पुलिस ने शव बरामद कर परीक्षण के लिए भेजा और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 को

**गंजबासौदा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनांतर्गत सामुहिक विवाह, निकाह कार्यकम बुधवार 30 अप्रैल को नवीन कृषि उपज मंडी में आयोजित किया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से आयोजित होने वाले इस विवाह सम्मेलन में नगर सहित आसपास के कई गांवों और विभिन्न नगरों के वर वधु शामिल होंगे। साथ ही प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे।

## धीमी गति से चल रहा ओवरब्रिज का निर्माण कार्य...



गंजबासौदा। नगर से करीब पांच किलोमीटर दूर भडेरु रेलवे फाटक पर बन रहे ओवर ब्रिज का निर्माण बेहद धीमी गति से चल रहा है, ऐसे में आवाजाही के लिए ग्रामीणों को कुछ समय ओर परेशानी उठाना पड़ेगी। ज्ञात हो कि फाटक बंद होने की दशा में आने जाने वाले लोगों को घंटों तक खड़े होकर फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है, इसलिए रेलवे द्वारा ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। छाया : राजा छारी

### नपाध्यक्ष ने कहा-दुकानदार तय सीमा में ही करें अपना व्यवसाय

# नगर पालिका में अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने किया आकस्मिक निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया और काम पर अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियों की गैर हाजिरी लगाए जाने के निर्देश दिए।

यही नहीं वे नपा के सभी विभागों में पहुंची और संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के कामों की मॉनिटरिंग की। ताकि नपा आने जाने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न उठानी पड़े। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नपा का औचक निरीक्षण करने के बाद स्टेशन से लेकर नेहरू चौक तक सड़क के दोनों ओर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों और हाथ ठेला संचालकों को तय सीमा में रहकर अपना व्यवसाय करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अमानक पॉलिथीन को भी जब्त करवाया। उन्होंने सभी नागरिकों से कचरा गाड़ी में ही अपना-अपना कचरा डालने की भी बात कही। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, पार्षद नारायण सोनी, संजय भावसार, नपा नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, शुभम रघुवंशी, फीडबैक फाउंडेशन के पीयूष, नपा के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद खान, स्वच्छता अधिकारी सहज तेनगुरिया के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

उधर यातायात निरीक्षक निरपत सिंह ने बताया कि मंगलवार से नपा अमला और यातायात पुलिस वाहन लेकर मुख्य मार्ग पर निकलेंगे और सडक पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करते हुए मौके पर ही जुर्माना आरोपित किया जाएगा।

### महंगाई भत्ता बढ़ाने पर शिक्षक संगठन ने माना आभार



**गंजबासौदा।** राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय अधिवेशन में सरकारी कर्मचारियों के लिए 55% महंगाई भत्ते (डीए) की मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा करने पर शिक्षक संगठन ने मुख्यमंत्री का आभार माना। इस घोषणा का स्वागत करते हुए संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया मुख्यमंत्री का यह ऐतिहासिक निर्णय हजारों शासकीय कर्मचारियों के लिए एक बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री की कर्मचारी हितैषी सोच तथा ऊर्जावान नेतृत्व का प्रतीक है। हम अध्यापको को आशा है कि आप प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के शीघ्र आदेश जारी करेंगे। वरिष्ठ शिक्षक नेता उमराव सिंह कुशवाह ने कहा कि आपने 1 जुलाई 2024 से 3% और 1 जनवरी 2025 से 2% अतिरिक्त डीए की स्वीकृति के साथ-साथ एरियर की राशि को जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक पांच समान किस्तों में प्रदान करने का प्रावधान कर कर्मचारियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। यह कदम कर्मचारियों को आर्थिक स्थिरता प्रदान करने के साथ ही उनकी दीपावली को और भी खुशहाल बनाएगा। महिला नेत्री निशा सिंह, मीना तोमर, दीपा जैन ने कहा कि सरकारी कर्मचारी विकास के इंजन की तरह कार्य करते हैं,आपने ने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया है। उनकी भूमिका को रेखांकित कर मध्यप्रदेश के विकास में उनके योगदान को सम्मानित किया है। विनोद श्रीवास्तव , सुनील रघुवंशी, शीतल शर्मा, जुगराज सिंह कुर्मी ने कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों के समान 55% डीए प्रदान करने का आपका निर्णय आपकी समावेशी और प्रगतिशील नीतियों का प्रमाण है। सुनीता माथुर, संध्या शर्मा, रीना रघुवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री के यशस्वी नेतृत्व और कर्मचारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता मध्यप्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रही है। शासकीय शिक्षक संगठन इस सराहनीय कार्य का हृदय से आभार मानता है और विश्वास व्यक्त करता है कि आपके कुशल मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करने में अग्रणी रहेगा।

### वाहन चालकों पर किया जुर्माना

**गंज बासौदा।** यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा जय स्तंभ चौक पर वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऐसे दो पहिया वाहन चालकों को रोका गया जो तीन सवारी बैठाए हुए थे, हेलमेट नहीं लगाए हुए थे, दो पहिया वाहन की नंबर प्लेट टूटी हुई थीं या लगी नहीं हुई थीं। ऐसे वाहनों को रोककर चालक का ड्रायविंग लायसेंस, वाहन के आवश्यक दस्तावेज देखे गए। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 8 दो पहिया वाहन चालकों पर 3200 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, नाबालिगों को वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने आदि की समझाईश दी गई।

## माता रेणुका की पूजा-अर्चना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के चार दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन विप्र समाज की माता बहनों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर विधि विधान से माता रेणुका का पूजन अर्चन अभिषेक किया।

इसमें मातृशक्ति को सुहाग सामग्री वितरित की गई। ज्ञात हो कि माता रेणुका भगवान परशुराम की माता हैं जिनका विधिविधान से पूजन अर्चन प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शास्त्री ने उपस्थित मातृशक्ति के समक्ष माता रेणुका के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूजन के लिए माता रेणुका की आकर्षक मिट्टी की मूर्ति का निर्माण कराया गया था। पूजन का प्रारंभ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने अपनी पत्नी सहित जोड़े से किया। सभी मातृशक्ति ने विधिविधान से पूजन अर्चन कर माता से कृपा रूपी आशीर्वाद बनाए रखने के लिए प्रार्थना की है। विप्र समाज की माता बहनों ने एकत्रित होकर माता रेणुका के पूजन अर्चन के उपरांत भक्ति भाव से माता रानी के भजन गाए। साथ ही मातृशक्ति ने संकल्प लिया कि भगवान परशुराम की शोभायात्रा में सपरिवार इष्ट मित्रों सहित पधारेंगे। इस अवसर पर मातृशक्ति ने एकत्रित होकर माता रेणुका व परशुराम के जयकारे लगाए।

## किसान ने नरवाई को खेत में मिलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम पंचायत फूफैर के सरपंच जनप्रतिनिधि तेजप्रताप सिंह राजपूत द्वारा नरवाई प्रबन्धन जागरूकता अभियान के तहत नरवाई प्रबंधन के लिए नरवाई न जलाने की शपथ को ध्यान में रखते हुए अपने 1 हेक्टेयर से भी अधिक के रकबे में स्वयं के द्वारा नरवाई खेत में मिलाने की प्रक्रिया को संचालित किया गया। इस दौरान उन्होंने अन्य किसानों को भी नरवाई खेत में मिलाने के लिए जागरुक किया। यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में नरवाई में आग लगाने के मामले दिन प्रतिदिन बढते ही जा रहे हैं। जिससे आए दिन नुकसान की भी खबरें आ रही हैं। हांलाकि प्रशासन ने कुछ मामलों में कार्रवाई भी की है, लेकिन इसके बावजूद किसानों के पास सुविधाजनक विकल्प न होने से वे नरवाई में आग लगा देते हैं। अब सरपंच प्रतिनिधि तेजप्रताप सिंह राजपूत के एक प्रयास से किसानों में जागृति आ सकती है।

## पशुओं के लिए पानी की टंकी रखवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को पंचतत्व समिति द्वारा ग्राम बीलाढाना के प्यासे पशुओं को पानी पीने के लिए 1 सीमेंट टंकी भेजी गई। जिसे भरने की जवाबदारी ग्राम की रितु श्रीवास्तव ने ली है। इसके लिए रितु ने 800 रुपए सहयोग राशि समिति को भेंट की। समिति ने रितु श्रीवास्तव का आभार माना। यहां उल्लेखनीय है कि पंचतत्व समिति द्वारा प्रतिवर्ष गर्मियों में प्यासे मवेशियों के लिए पानी की टंकियां रखवाई जाती हैं और पक्षियों के दाना पानी के लिए सकोरे भी लगवाए जाते हैं।

### तेज हवा से चिंतामन दास का आशियाना उजड़ा

# आंधी तूफान से हुआ हजारों रुपए का नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिवस शाम के समय आए तेज तूफान ने नगर में भारी तबाही मचाई। कहीं पेड़ों के गिरने से रास्ते अवरुद्ध हो गए, तो कहीं घरों के छप्पर और टीन उड़ते देखे गए।

राजेंद्र नगर वार्ड क्रमांक 20 में रहने वाला वैष्णव परिवार भी इस प्राकृतिक आपदा का शिकार हो गया। चिंतामन दास वैष्णव, जो एक छोटी-सी किराए की दुकान में किराना दुकान संचालित करते हैं। वे रोज की तरह तूफान के समय अपनी दुकान पर ही मौजूद थे। घर में उस समय उनकी पत्नी, बहुएं और छोटे-छोटे बच्चे थे। चिंतामन दास के बड़े पुत्र विनोद वैष्णव ने बताया कि शाम के समय अचानक तेज हवाएं चलने लगीं। घर के भीतर मौजूद परिजनों ने कुछ गिरने की तेज आवाज सुनी। जैसे ही मां ने बाहर झांका, देखा कि घर की दो टीनें उड़कर गली में जा गिरी हैं। इससे पहले कि स्थिति को पूरी तरह समझ पाते, पूरा छप्पर तेज हवाओं के साथ उड़ गया।

गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी भी परिजन या आसपास के लोगों को चोट नहीं आई। जब चिंतामन दास से नुकसान के बारे में पूछा गया, तो वे भावुक होकर बोले कि कुछ ही दिन पहले उन्होंने व्यवसाय बढ़ाने और घर की मरम्मत के लिए तीन लाख रुपये का व्यवसायिक ऋण लिया था। लेकिन इस तूफान ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। पूरा छप्पर उड़ जाने से घर फिर से असुरक्षित हो गया है।

आर्थिक तंगी के बीच एक ओर जहां ऋण का बोझ है, वहीं अब फिर से घर की मरम्मत की चुनौती सामने खड़ी है। प्रकृति के इस प्रकोप ने जहां एक ओर कठिनाइयों का पहाड़ खड़ा कर दिया है,वहीं दूसरी ओर वैष्णव परिवार हिम्मत नहीं हार रहा। उम्मीद की किरण अभी भी उनके हौसले में झलकती है।

### राघव ने गोल्ड एवं माधव ने कांस्य पदक जीता



**गंज बासौदा।** केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित 54 वी क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय गंज बासौदा के कक्षा 10 वी के छात्र राघव दुबे ने ग्वालियर में योग विधा में स्वर्ण पदक हासिल किया है। अब वह अगस्त माह में हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगे। इसी तरह केंद्रीय विद्यालय गंज बासौदा के छात्र माधव दुबे एवं अभय नरवरिया ने इंदौर में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया। इस जीत पर विद्यालय के शिक्षकों विद्यार्थियों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# स्वरुपनगर, बैतोली क्षेत्र में पक्के मकान बना किया जा रहा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम पंचायत स्वरूप नगर के बैतोली में प्रशासन द्वारा वर्षो पूर्व पानी की खंती को अतिक्रमण मुक्त करवा दिया था। जिसके बाबजूद उसी खंती का पानी सूख जाने के बाद लोग धीरे-धीरे अतिक्रमण करने लगे हैं। बरसात के मौसम में खाली पड़ी शासकीय भूमि पानी से लबालब हो जाती है और अतिक्रमणकर्ताओं के घर डूब जाते हैं। अतिक्रमणकर्ता डूबे हुए घरों का बकायदा मुआवजा भी ले लेते हैं। लेकिन इस ओर अभी तक ना तो पंचायत के सचिव ने कोई शिकायत की है ना ही प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान दिया है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो धीरे-धीरे बीच खंती में भी लोग मकान बनाना प्रारंभ कर देंगे। कुछ लोगों ने तो इतनी हद करती है कि उन्होंने सूखी हुई खंती में पिलर तक भर दिया है और वह धीरे-धीरे उसे पर मकान भी बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। नगर सहित क्षेत्र में अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद हैं और अब बिना किसी भय के सरकारी भूमि पर कब्जा करने में जुटे हुए हैं।

म.प्र. शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त
श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंजबासौदा
नर्सरी से कक्षा 12
इंग्लिश एवं हिन्दी माध्यम
PROPEL
Smart Classroom
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा 11 एवं 12 अंग्रेजी माध्यम
आर्ट्स, मैथ्स, सांइस
स्मार्ट लर्निंग से अपने बच्चे की असली क्षमता को उजागर करें।
सिरोंज रोड, पेट्रोल पंप के पास, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र)
Phone : 07594-220401 E-mail : smtratanbaijainschool@yahoo.in

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर राजयोगिनी रतन मोहिनी दादी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा

# राजयोगिनी रतन मोहिनी दादी के उनके सुंदर नाम जैसे ही उनके कार्य थे: सरोज दीदी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वर विश्वविद्यालय सेवा केंद्र सिरोंज पर ब्रह्मा कुमारीज मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी रतन मोहिनी दादी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीना सेवा केंद्र से पधारी सरोज दीदी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुई दादी जी के साथ अनुभव सांझा किया। अर्थात उन्होंने बताया कि जैसे दादी जी का नाम था इसका अर्थ भी बहुत सुंदर बताया। रतन को आकर्षित करने वाली उनके सुंदर नाम जैसे ही उनके कार्य उन्होंने लाखों भाई-बहनों के जीवन को परमात्मा के अमूल रतन से शोभित कर दिया। साथ ही समाज को परिवर्तन करने प्रेरणा एवं कार्य किया। तो वही सिरोंज सेवा केंद्र की प्रभारी बीके सरस्वती दीदी ने दादी जी से प्रेरणा लेकर उनके कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि दादी जी ने कई ऐसे कार्य किए जिससे नाभियों पीडी को प्रेरणा मिली एवं हजारों किलोमीटर युवाओं की यात्रा निकाली गई और कई कुमारियों का जीवन पवित्रता प्रभु प्रेम से भर दिया। तो वही अंतिम समय तक दादी जी ने सभी को उमंग उत्साह खुशी प्रभु प्रेम से सदैव भरपूर रखा। वही उन्होने बताया कि दादी जी की प्राप्तियां की महिमाएं बहुत है दादी जी को भारत गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि भी दी गई। इस मौके पर मंडी बामोरा सेवा केंद्र से पधारी बीके मधु दीदी एंव मुंगावली सेवा केन्द्र से पधारी रियासा दीदी ने गीत एवं कविता से दादी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अधिवक्ता और पत्रकार संघ के अध्यक्षों ने दी श्रद्धाजलि

इस अवसर पर कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी एंव सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने ब्रह्मा कुमारीज मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी रतन मोहिनी दी को श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके पर एडवोकेट अमर चंद्र अग्रवाल,महेश पाली,धनश्याम शरण त्यागी,कमलेश कुशवाह,प्रकाश पटेल आदि ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### भारत एकता युवा पद यात्रा

इस मौके पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एंव आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी के निर्देशन में वर्ष 1985 में भारत एकता युवा पद यात्रा निकाली गई। इसने देशभर में 12550 किमी का सफर तय किया। कन्याकुमारी से दिल्ली तक सबसे लंबी 3300 किमी की पद यात्रा रही। तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जेल सिंह ने यात्रा का शुभारंभ किया था। साथ ही वर्ष 1989 में उनके नेतृत्व में अखिल भारतीय नैतिक जागृति अभियान चलाया गया। देशभर से 67 मेटाडोर रैली निकाली गईं। 1903 गांवों को कवर करते हुए 1,36,734 युवाओं से नशामुक्ति के प्रतिज्ञा पत्र भरवाए। वर्ष 1993 में सद्भाव के लिए युवा साइकिल यात्री निकाली गई। जिसने 3009 गांवों को कवर करते हुए 9,66,508 लोगों के अध्यात्म और योग का संदेश दिया। इन यात्राओं पर उनको देश-विदेश में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 2013 में शांतिदूत युवा साइकिल यात्रा देशभर में निकाली गई। इसी के साथ वर्ष 2017 में तीन वर्षीय स्वर्णिम भारत यात्रा निकाली गई। जो कि देशभर में 55230 किमी की यात्रा कर 5900 कार्यक्रमों से 893275 लोगों को संदेश दिया। 733505 युवाओं को राजयोग मेडिटेशन के गुर सिखाए गए।

### मुख्य प्रशासिका के साथ युवा प्रभाग की अध्यक्षा भी रही दादी

*कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को युवा दादी के नाम से भी जाना जाता था। शुरुआत से ही उनको युवा वर्ग से विशेष लगाव और प्रेम रहा। उन्होने अपना पूरा जीवन युवाओं के सशक्तिकरण और नवनिर्माण में लगा दिया। वह ब्रह्माकुमारीज़ की एकमात्र ऐसी दादी रहीं जिन्होंने युवा प्रभाग की स्थापना से लेकर आज तक जिम्मेदारी संभाली। 40 साल में युवा प्रभाग ने अनेक कीर्तिमान रचे। उनके नेतृत्व में वर्ष 2006 में निकाली गई युवा पदयात्रा ने लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में जहां नाम दर्ज कराया था। इसमें देशभर में निकाली गईं सभी यात्राओं ने 30 हजार किमी की पैदल यात्रा तय की थी। वहीं दादी ने भी 13 मेगा पैदल यात्राएं की। इससे 1.25 करोड़ लोगों को शांति,प्रेम,सद्भाव,एकता और विश्व बंधुत्व का संदेश दिया गया। इसमें पांच लाख ब्रह्माकुमार भाई-बहनों ने भाग लिया।*

## कृषि विभाग का जागरुकता अभियान

# खेत में गेहूं व नरवाई को जलाने से अनेक हानियां होती हैं: वीरेंद्र



**सिरोंज।** कृषि विभाग द्वारा क्षेत्र में नरवाई पर प्रबंध को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें किसानो को नरवाई में आग न लगाने को लेकर समझाइश देकर किसानो को जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा किसानो से अपील की जा रही है कि नरवाई को ना जलते हुए नरवाई का प्रबंदन करे जिससे पर्यावरण और खेत की मिट्टी स्वस्थ रहे। इस मौके पर कृषि विभाग एसडीओ वीरेन्द्र मालवीय ने कहा कि खेत में गेहू एवं अन्य फसलों के अवशेषों नरवाई को जलाने से अनेक हानियां होती है। जमीन में उपस्थित लाभदायक सुक्ष्म जीवाणु केंचुए नष्ट हो जाते है, जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति कम होती है। भूमि कठोर हो जाती है, जिसके कारण भूमि की जल धारण क्षमता कम हो जाती है। तो वही अभियान में कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बैठको का आयोजन कर किसानों के बीच नरवाई प्रबंध को लेकर जागरुकता व्याप्त हो रही है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत उनरसीताल में नरवाई प्रबंध जागरुकता अभियान का आयोजन कृषि विस्तार अधिकारी शुभांकर दुबे एवं मयूरी राठौर द्वारा किया गया। जिसमे ग्रामवासी एवं जनपद सदस्य कृषि सभापति अरविन्द बघेल सम्मिलित हए। इसी के साथ ग्राम पंचायत पिपालियाहाट में नरवाई प्रबंध जागरुकता अभियान का आयोजन कृषि विस्तार अधिकारी शदीपक कुशवाह एवं अविनाश रघुवंशी द्वारा किया गया। कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों को जागरूक कर कुछ ग्रामों में नरवाई प्रबंधन भी कराया गया है। जिसमे रोटावेटर द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग की बुवाई, स्ट्रॉ-रीपर की सहायता से भूसा बनाना, खेत में बिना नरवाई जलाये सीधे कल्टीवेटर या पलाऊ द्वारा नरवाई को खेत में मिलना शामिल है। इस अभियान में कृषि विस्तार अधिकारी दीपक कुशवाह एवं शुआंकर दुबे द्वारा स्वयं ट्रैक्टर चलाकर नरवाई प्रबंधन हेतु कृषकों को जागरूक किया गया।

## जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

### सिरोंज केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद राशिद, सचिव सुनील शर्मा का हुआ सम्मान




**सिरोंज।** जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर वीडीसीडीए की बैठक में जिले की तहसील सिरोंज,कुरवाई,गंज बासौदा,गुलाबगंज,शमशाबाद से केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिवो का आमत्रित किया गया। तो वही वीडीसीडीए द्वारा सिरोंज केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान,सचिव सुनील शर्मा का पुष्प मालाओं से सम्मान किया गया। साथ ही उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की।

## योग वेदांत सेवा समिति महिला मंडल ने ज्ञापन सौपा

**सागर ।** 2036 में होने वाले अहमदाबाद में ओलंपिक खेल उत्सव के लिए वहां पर बिल्डिंग बनाने के लिए जमीन की आवश्यकता है । इसलिए उन्होंने आसपास के तीन आश्रमों को तोड़ने का निर्णय लिया। जिसमें अहमदाबाद साबरमती मोटेरा में स्थित संत आसाराम बापू आश्रम को तोड़ने का सरकार द्वारा 5 दिनों में खाली करने के नोटिस के विरोध में योग वेदांत सेवा समिति महिला उत्थान मंडल युवा सेवा संघ सागर नगर के समस्त साधक भाई बहनों के साथ लालराम मेठवानी, थावरदास आर्य, मनीष नेमा, नेहा लालवानी, माधुरी पोपटानी द्वारा प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल को सागर की सांसद को ज्ञापन सोपा गया । और समस्त साधक भाई बहनों ने अपनी व्यथा बताते हुए यह बताया मोटेरा स्थित आश्रम जो अखिल भारतीय

## 82 वर्ष की उम्र में लंबरदार का निधन

**कस्वा बागरोद।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह ठाकुर वकील साहब के बड़े भाई कीर्ति सिंह,पूर्व



सरपंच, मिंटू सिंह,प्रताप सिंह ठाकुर के पिताजी वरिष्ठ डॉ इंद्रराज सिंह ठाकुर का रविवार की रात उपचार के दौरान निधन हो गया। डॉ साहब विगत समय पूर्व से अस्वस्थ थे। जिनका उपचार सागर में निजी अस्पताल मे चल रहा था। वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। बागरोद सहित आस पास के क्षेत्र वह छोटे लंबरदार डॉक्टर के नाम से पहचाने जाते थे। उनके निधन पर ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 151 जोड़े 30 अप्रैल को बंधेंगे बंधन में

**शमशाबाद।** ग्राम पंचायत डंगरबाडा में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 30 अप्रैल को सामूहिक विवाह और निकाह सम्मेलन होगा। इस आयोजन में 151 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। सरपंच मुकेश मेहर ने बताया कि स्कूल ग्राउंड में 135 सर्व जातीय सामूहिक विवाह व 16 निकाह किए जाएंगे। विवाह सम्मेलन में सांसद लता वानखेड़े, विधायक सूर्यप्रकाश मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कार्यक्रम में शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद देंगे। ग्राम पंचायत ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## डीए बढ़ाने पर प्रांतीय शिक्षक संघ ने सीएम का आभार माना

**विदिशा।** मुख्यमंत्री द्वारा मप्र के कर्मचारियों को केंद्र के समान 5 फीसदी महंगाई भत्ता डीए की वृद्धि किए जाने पर प्रांतीय शिक्षक संघ ने सीएम का आभार माना है। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ओर राजेंद्र राय प्रदेश सह संगठन मंत्री प्रांतीय शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री को कर्मचारी हितेषी बताया गया है। उन्होंने बताया है कि वे प्रमोशन का रास्ता भी खोल रहे हैं एवं 9 सालों से रुके हुए गृह भत्ता में भी बढ़ोतरी की गई है। कर्मचारियों में काफी खुशी है।

# इंटरनेट की स्पीड न मिलने से उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

आज देश में 5जी की बात हो रही है, लेकिन नगर में

मोबाइल सिग्नल एवं नेटवर्क न होने के कारण परेशान हैं। पर्याप्त स्पीड न होने के कारण उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। इंटरनैट की बहुत ही कम स्पीड होने के कारण लोगों को डिजिटल इंडिया की सुविधाओं का पर्याप्त लाभ नहीं मिल रहा है। लाइट जाने पर मोबाइल नेटवर्क आने जाने लगता है डाटा की स्पीड कम हो जाती है जिससे फोटो, विडियो डाउनलोड करने में मोबाइल उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है। कम स्पीड मिलने के कारण इंटरनैट का कार्य करने वाले उपभोक्ताओं के लिए लंबे समय से यह दिक्कत बनी हुई है।

मोबाइल उपभोक्ताओं आम लोगों को कम स्पीड के कारण खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में सबसे ज्यादा उपभोक्ता जी ओ कंपनी के हैं लेकिन नेटवर्क



समस्या, डाटा स्पीड न मिलने से उपभोक्ता अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। सुंदर सिंह राजपूत ने बताया कि जीओ कंपनी नगर में 5 जी सुविधा दे रही है लेकिन डाटा स्पीड कम मिलने से मोबाइल में फोटो, विडियो डाउनलोड करने में देर लगती है। लाइट जाने पर नेटवर्क आते जाते रहते हैं।

## युवा संगम का आयोजन आज

**सागर।** युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौषल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 28 अप्रैल प्रातः 11 बजे से को शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान (आई.टी. आईद सागर के परिसर में किया जा रहा है।

# बाल विहार के संत समागम में भक्ति व आध्यात्म का अनुपम संगम, देर रात तक चला कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा की पावन धरती पर ब्रज रसिक सेवा मंडल द्वारा आयोजित भव्य संत समागम में हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। श्रीधाम वृंदावन के गोवर्धन से पधारे संत महावीर रसिक ने अपने भावपूर्ण भजनों से देर रात तक श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सोशल मीडिया पर अपने प्रवचनों और भजनों से धूम मचाने वाले महावीर रसिक का जादू विदिशा में भी सर चढ़कर बोला।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं रूस की प्रसिद्ध बांसुरी वादक प्रेमा अग्नि देवी, जिनके मधुर बांसुरी वादन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति और भक्ति संगीत के वैश्विक मेल को दर्शाया। इस संत समागम में वृंदावन कंठिया आश्रम से राधाबल्लभ मंदिर के सूरज गोस्वामी, कंठिया आश्रम से केशव शरण दास, मोर कुटी आश्रम से महंत हरिओम दास पायलेट बाबा,बलदाऊ मंदिर के पुजारी बलदेव पांडे, सुश्री सुमित्रा दास माता और अयोध्या से पधारे संत प्रेमदास महाराज जैसे दिग्गज संतों ने अपनी उपस्थिति से विदिशा के जनमानस को आशीर्वाद प्रदान किया।



बृज रसिक सेवा मंडल विदिशा के संयोजक विनीत दांगी बताया कि विदिशा की धार्मिक नगरी में इतने महान संतों का आगमन गर्व की बात है। इस आयोजन ने हर श्रद्धालु को कृतार्थ किया है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे,वही उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। खासकर महिला मंडल जिन्होंने अपने प्रयास से घर-घर जाकर उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी माता बहिनों को दी,वहीं आकाश यादव द्वारा समस्त श्रोताओं को



ठंडे शरबत की सेवा एवं समस्त समाजसेवियों वरिष्ठ नागरिकों जनप्रतिनिधियों एवं समस्त मातृ शक्तियों का भी विनीत दांगी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। देर रात तक चले इस आयोजन में श्रद्धालु भजनों में लीन रहे और भक्ति के रंग में सराबोर होकर आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हुए। निश्चित रूप से यह आयोजन विदिशा के इतिहास में एक स्वर्णिम पृष्ठ जोड़ेगा।

# मशीनी युग में इंसान मानवता को भूलता चला जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रचनाकारों को मंच देने एवं साहित्यिक सरोकारों के लिए समर्पित प्रेरणा मंच की माह अप्रैल की गोष्ठी हुई।

गोष्ठी में मंच की अध्यक्ष डॉ कमल चतुर्वेदी एवं सभी सदस्यों की मंशा के अनुरूप मंच की प्रथम पत्रिका अभिव्यक्ति के द्वितीय संस्करण के प्रकाशन पर अपने अपने विचार रखने से शुरुआत की। डॉ चतुर्वेदी ने कहा कि आज मशीनी युग में इंसान मानवता को भूलता चला जा रहा है। डॉ कमल चतुर्वेदी ने पहलगाम में हुई घटना पर आधारित रचना आखिर ये क्या हो गया है इंसान को सुनाकर सभी को सोचने के लिए विवश किया कि ऐसा अपराध करने वाले इंसान नहीं हो सकते हैं।

नवनीता पाण्डेय ने वर्तमान परिवेश में दाम्पत्य जीवन में बढ़ती कलुषता पर नारी का पक्ष रखा। जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। प्रेम के दो रूप शीर्षक से संस्मरण सुनाकर जागृति अवस्थी ने उपस्थित सदस्यों को हर्षित होने एवं मंथन करने पर मजबूर कर दिया। पं सुशील शर्मा सरल ने देश के वर्तमान परिवेश एवं पहलगाम की घटना से जोड़ते हुए अपनी रचना हर दौर में मुश्किल-ए-इंसान बहुत हैं सुनाई जिसे सभी ने सराहा। रेखा श्रीवास्तव




ने अपनी रचना गोरैया लौट आई रचना से सभी सदस्यों को अतीत की यादों में पहुंचा दिया। ज्योति जाधव ने चंद कांटे उनके वतन के लिए सुनाकर पहलगाम की घटना पर अपना रोष प्रकट किया। शिखा शर्मा ने एक प्यार का नगमा है गीत सुनाया जिसका सभी सदस्यों ने आनंद उठाया। ऋतु देवलिया ने कलम एवं तलवार में किसे आप चुनते हैं विषय पर एक संस्मरण सुनाकर कलम की ताकत बतलाई। रेखा वर्मा ने सब धर्मों का यह तीरथ है कविता सुनाकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

संतोष नामदेव ने नारी एवं अपनी पत्नी छाया नामदेव को समर्पित अपनी रचना सुनाकर सभी की तारीफ बटोरी। कुसुम तोमर ने अपनी रचना ज्वाला ईर्ष्या की के माध्यम से अपने विचार रखे जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की। गोष्ठी के अंत में सुमन मंडोरिया ने अपनी रचना दूर के ढ़ोल सुहावने के माध्यम से किसी भी विषय में दूरदर्शी निर्णय लेने की महत्ता को रेखांकित किया। अंत में आभार माया सिंह ने माना।

## प्रतिभा विकास संस्थान के सचिव सीताराम गुप्ता का निधन, श्रद्धांजलि दी

**विदिशा।** नगर के वरिष्ठ शिक्षा विद एवं प्रतिभा विकास संस्थान के संस्थापक सचिव संरक्षक एवं मार्गदर्शक सीताराम गुप्ता का 88 वर्ष की आयू में निधन हो गया। उनके



निवास स्थान पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने भाग लिया प्रतिभा विकास संस्थान के अध्यक्ष दिनेश वाजपेई ने आपके कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्री गुप्ता ने संस्था के गरीब छात्रों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 50 हजार का योगदान भी दिया। बेतवा उत्थान समिति के अतुल शाह ने उनके कार्य की प्रशंसा की। केके गुप्ता ने कहा कि श्री गुप्ता जी ने समाज के विकास में महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन कैलाश नारायण कनकने ने किया।

# आतंकियों पर कड़ी कार्रवाइर्ट की मांग, पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

आर्य समाज मंदिर में रविवार को साप्ताहिक सत्संग में जम्मू-काश्मीर के पुलवामा में धर्म पूंछकर आतंकियों द्वारा निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की निर्मम हत्या पर तीव्र रोष प्रगट किया। दिवंगत शहीदों को भाव भीनी श्रद्धांजली अर्पित गई।

आर्य समाज व युवा संगठन आर्य वीर दल के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टरेट पहुंचकर अपर कलेक्टर अनिल डामोर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें भारत सरकार से अनुरोध किया गया कि जघन्य हत्यारे आतंकवादियों और उनके संरक्षण कर्ताओं के विरुद्ध तत्काल ऐसी कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति करने की हिम्मत न पड़े। इस अवसर पर मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिध सभा के उप प्रधान सूर्य प्रकाश आर्य, पूर्व प्रांतीय संचालक दिनेश वाजपेयी, कोषाध्यक्ष सर्वोत्तम आर्य, जगन्नाथ सिंह राजपूत, भगवान सिंह आर्य,सह प्रचार मंत्री विपुल शर्मा, आर्य वीर दल मप्र के प्रधान व्यायाम शिक्षक सुरेन्द्र आर्य , प्रान्तीय व्यायाम शिक्षक राजकुमार आर्य, संदीप आर्य व शुभम आर्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आतंकियों को सिखाया जाएगा सबकः डॉ चौधरी



**सलामतपुर।** क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि देश आज पूरी मजबूती के साथ आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट है और आतंकियों को उनके कायराना हमले का ऐसा करारा जवाब दिया जाएगा जिसे वे हमेशा याद रखेंगे। डॉ. चौधरी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार और जनता दोनों एकमत हैं। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी।

### नरवाई आग से बाल बाल बची डॉ हेडगेवार कॉलोनी



**सांची।** प्रशासन को ताक पर रखते हुए नरवाई जलाने में किसान अपनी करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं। लोगों के मकान जल रहे हैं जानवर जल रहे हैं और घरों में आग लग रही है। फिर भी यह निर्दय किसान नरवाई जलाने आमादा है। सरकार के सारे नियमों को ताक पर रख कर प्रशासन की नाक के नीचे किसान खेतों में आग लगा रहे हैं। आज इन्हीं खेतों की नरवाई की आग से डॉ हेडगेवार कॉलोनी में आग लगने से बाल बाल बच गई यदि कॉलोनी वासी और प्रशासन मौके पर सही समय पर आग पर काबू नहीं करते तो पुरी कॉलोनी आग की चपेट में आ जाती और बहुत ज्यादा हानी हो सकती थी। प्रत्यक्ष दर्शी दीपक राय कॉलोनीवासी के अनुसार आग हवा के द्वारा कॉलोनी में प्रवेश कर गई थी। मौके पर लोगों ने तत्परता नहीं दिखाई होती तो बहुत बड़ी अनहोनी हो जाती। प्रशासन द्वारा तुरंत मौके पर फायर पहुंचा दी गई जिससे सही सलामत बच सका।

### शिकायतों का निराकरण करने पर सम्मानित

**रायसेन।** माह मार्च 2025 में प्राप्त सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में भी रायसेन जिला प्रदेश में पहले प्रथम स्थान पर है। सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा की गई। साथ ही सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर द्वारा सिलवानी सीएमओ ऋषिकांत यादव, गैरतंगज सीएमओ सुधीर उपाध्याय, बेगमगंज जनपद सीईओ अशीष जोशी, बाड़ी जनपद सीईओ दानीश अहमद खान, उदयपुरा जनपद सीईओ अशोक कुमार उईके, बाड़ी ब्लॉक के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राकेश मीना, ऊर्जा विभाग के खरगौन वितरण केन्द्र से ओमप्रकाश ठाकुर, गैरतगंज जनपद सीईओ पूजा जैन, बेगमगंज सीएमओ कृष्णकांत शर्मा तथा जिपं कार्यालय के अनुप खलखो शामिल है।

# अक्षय तृतीया पर न हो बाल विवाह, इसके लिए चला रहे जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं बाल विवाह की रोकथाम के लिए सरकार के साथ कार्य कर रही कृषक सहयोग संस्था ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरुकता रथ के साथ लोगों को जागरुक करने में सरकार का भरपूर सहयोग कर रही है। संस्था का लक्ष्य है कि अक्षया तृतीया पर एक भी बाल विवाह न हो पाए। पिछले वर्ष शादियों के सीजन में कुल 221 बाल विवाह रुकवाकर बच्चों के भविष्य खराब होने से बचाया था।

रायसेन कलेक्ट्रेट परिसर में एक्सेस टू जस्टिस की कृषक सहयोग संस्थान ने बाल विवाह रोकने के लिए सोमवार को वार्ता रखी गई। संस्था के समन्वयक अनिल भवरे ने बताया कि अभी देश में बाल विवाह के खिलाफ जागरुकता की कमी है। ज्यातादर लोगों को यह नहीं पता कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। इसके लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है और अभी तक जिले की 521 पंचायतों में से लगभग 100 पंचायते बाल विवाह मुक्त कराई जा चुकी है। 2030 तक पूरा जिला बाल विवाह मुक्त कराने का लक्ष्य है। इस अभियान में सरकार एवं प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त के कारण बड़ी संख्या में विवाह होंगे। इस दौरान बाल विवाह की आशंका रहती है। धर्मगुरुओं से इस सामाजिक बुराई को रोकने का आग्रह किया जा रहा है।




### प्रयास कर रहे हैं

जिले में लगभग 100 पंचायतें बाल विवाह मुक्त हो चुकी है। 2030 तक जिले को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प है। खास बात यह है कि ग्राम सभाओं में सरपंचों ने संकल्प प्रस्ताव पारित किया है। पिछले वर्ष 221 बाल विवाह होने से रोका था, इस वर्ष भी जिलेभर में 100 से अधिक कार्यकर्ता दल बनाकर बाल विवाह रोकने के लिए प्रयत्नशील है।

- डॉ. एचबी सेन, निर्देशक केएसएस

### गांव-गांव जाकर कर रहे जागरूक

संस्था पिछले 2 सालों से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सहयोगी संस्था के रूप में काम कर रही है। जिले में प्रचार रथ गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहा है। कानून के अनुसार लड़की की उम्र 18 और लड़के की उम्र 21 साल से कम होने पर विवाह नहीं हो सकता। बाल विवाह की जानकारी मिलने पर 1098 या 112 पर फोन करें। इसकी सूचना बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, महिला बाल विकास, स्थानीय पुलिस या कृषक सहयोग संस्थान को दी जा सकती है। एक्सेस टू जस्टिस परियोजना का लक्ष्य 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है। इसके लिए जागरूकता और कानूनी जानकारी का प्रचार आवश्यक है।

### धर्मगुरु और पुरोहित वर्ग के बीच जागरुकता अभियान चलाएंगे

धर्मगुरु और पुरोहित दोनों ही विवाह के लिए महत्वपूर्ण वर्ग है। इनके बीच जागरुकता अभियान चलाने का फैसला किया है, क्योंकि जो विवाह संपन्न कराता है वह लोगों को समझा सकें कि बाल विवाह एक अपराध, इसके तहत माता-पिता को जेल भी हो सकती है।

## एक लाख 89 हजार हितग्राहियों की ई-केवायसी अभी शेष, कल अंतिम दिन

# दो दिन में नहीं कराई ई-केवायसी तो नहीं मिल पाएगा 'राशन'

- प्रशासन एक माह से दिन रात हितग्राहियों की केवायसी कराने में लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



राशन वितरण व्यवस्था में बड़े बदलाव के साथ स्मार्ट पीडीएस योजना को प्रदेश में लागू किया जा रहा है। जिसके लिए हितग्राहियों की ई-केवायसी की जा रही है। जिसके लिए अब मात्र दो दिन शेष हैं। 30 अप्रेल तक जिन हितग्राहियों की ई-केवायसी होगी, उन्हे ही सस्ता राशन मिलेगा। प्रशासन एक माह से दिन रात हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने में लगा है। कर्मचारी गांव-गांव डेरा डालकर ईकेवायसी करा रहे हैं, बावजूद इसके अभी भी 81.86 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी हो सकी है। लगभग 18 प्रतिशत हितग्राही बाकी हैं। जबकि इसके लिए दो दिन का समय बचा है। तारीख नहीं बढ़ी तो बचे हितग्राहियों को सस्ता राशन मिलना मुश्किल हो जाएगा।

### क्या है स्मार्ट पीडीएस योजना

इसके तहत नागरिकों को स्मार्ट राशन कार्ड जारी करने का प्रावधान है। हितग्राही स्मार्ट कार्ड राशन दुकान पर ले जाएंगे। वहां कार्ड के एक कोड के जरिए सत्यापन के बाद वे अपनी पहचान की दोबारा जांच करने फिंगर प्रिंट स्कैनर पर देंगे। इसके बाद उन्हें राशन आवंटित किया जाएगा। स्मार्ट पीडीएस का उद्देश्य राशन उठाव एवं वितरण में शत प्रतिशत पारदर्शिता लाना है। राशन के उठाव व वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लाभार्थियों की अंगुलियों के निशान भी दर्ज किए जाएंगे।

### सिलवानी सबसे पीछे

ई-केवायसी के मामले में सिलवानी नगर परिषद और सिलवानी विकासखंड सबसे पीछे हैं। यहां नगर परिषद में 77.32 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी होसकी है, जबकि विकासखंड में 72.21 प्रतिशत की ई-केवायसी हुई है। जबकि विकासखंडों में गैरतगंज सबसे आगे हैं, जहां 86.77 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी हो चुकी है, वहीं नगरीय निकायों में सांची सबसे आगे हैं, जहां 87.05 प्रति ई-केवायसी हो चुकी हैं।

### ये हैं पिछडने के कारण

कर्मचारियों ने बताया कि सिलवानी विकासखंड में कई परिवार ऐसे हैं, जिनके सदस्य काम-काज के चक्कर में बाहर जाते हैं, उनके नहीं आने तक परिवार की केवायसी नहीं हो पा रही है। कुछ लोगों के फिंगर प्रिंट नहीं आने से भी केवायसी में दिक्कत आती है।

### समझाइश दी गई है

सभी हितग्राहियों को ई-केवायसी कराने के लिए कहा गया है, बार-बार समझाइश दी गई है। संबंधित कर्मचारी दिन-रात गांवों में घर-घर जाकर ई-केवायसी करा रहे हैं। अभी दो दिन शेष हैं, इस दौरान अधिक से अधिक हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने का प्रयास कर रहे हैं।

- संदीप भार्गव, सहायक आपूर्ति अधिकारी।

**निकायों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| गैरतगंज | 81.05 |
| औगंज | 84.85 |
| सुल्तानपुर | 84.45 |
| मंडीदीप | 85.95 |
| बरेली | 82.93 |
| बाड़ी | 80.56 |
| उदयपुरा | 84.41 |
| देवरी | 78.03 |
| बेगमगंज | 84.42 |
| सांची | 87.05 |
| रायसेन | 83.45 |
| सिलवानी | 77.32 |

**विकासखंडों की स्थिति**

| | |
|---|---|
| गैरतगंज | 86.77 |
| औगंज | 82.79 |
| बाड़ी | 81.11 |
| उदयपुरा | 80.97 |
| बेगमगंज | 84.85 |
| सांची | 83.39 |
| सिलवानी | 72.21 |


## पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

# थोक सामग्री बेंचने के नाम पर दुकानदारों से की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा से एक चौंकाने वाला धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। गांव के निवासी सुरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि 3 अज्ञात व्यक्तियों ने गिफ्ट आइटम एवं श्रृंगार का सामान बेचने के बहाने उन्हें चकमा देकर करीब 31 हजार रुपये की ठगी की। इस घटना को लेकर सुरेंद्र सिंह ने सलामतपुर थाने में लिखित आवेदन दिया है।

सुरेंद्र ने बताया उनकी गांव में ही दुकान है तीन व्यक्ति सुरेंद्र सिंह के घर पहुंचे। वे स्वयं को थोक सामान विक्रेता बताते हुए विभिन्न घरेलू उत्पाद गिफ्ट आइटम एवं श्रृंगार का सामान बेचने का दावा कर रहे थे। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वे लोग पैक किए हुए सामान दिखा रहे थे और भरोसेमंद तरीके से बातचीत कर रहे थे। इसी भरोसे में आकर सुरेंद्र सिंह ने उन व्यक्तियों से कुछ सामान खरीदने का निर्णय लिया।



हालांकि, जब सौदा पूरा हो गया और उनके जाने के बाद, पैकेट खोला गया, तब असलियत सामने आई। पैकेट में दर्जनों वस्तुएं होने का दावा किया था, लेकिन वास्तव में उसमें मात्र 2-3 वस्तुएं ही निकलीं। बाकी सामान घटिया गुणवत्ता का था। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पैकेट की असली कीमत लगभग 7000 रुपये से अधिक नहीं थी, जबकि उनसे 31,000 रुपये ऐंठे गए। ठगी का एहसास होते ही सुरेंद्र सिंह ने तत्काल सलामतपुर थाने में शिकायती आवेदन दिया है।

## आरोपी पर पाक्सो एक्ट में मामला दर्ज

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भोपाल में निवास करने वाला परिवार अपने रिश्तेदार के यहॉं विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने बिदुआ कालौनी बरेली आया था। परिवार में एक सात वर्ष की नाबालिग बच्ची थी। जो शाम के वक्त छत पर सो रही थी।

फरियादा की माँ के अनुसार बच्ची ने रोते हुए बताया कि छोटू मामू उसके साथ गंदी हरकत कर रहे थे। सुनते ही माँ बेहोश हो गई।

### मौसी का लड़का छोटू

नाबालिग की मां जिसने अपने परिवार के साथ आकर थाने में रिर्पोट दर्ज कराई और बताया कि उसकी मौसी का लडका छोटू उर्फ




इमरान द्वारा उसकी नाबालिग बच्ची के साथ गलत काम करने का प्रयास और उसके साथ छेड़छाड़ की गई।

फरियादिया की रिर्पोट पर बरेली थाने में बीएनएस की धारा 75(2) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 9,10 के तहत प्रकरण छोटू उर्फ इमरान के विरूद्ध दर्ज कर कार्यवाही और तलाश की जा रही है।

### छात्रवृत्ति में विलंब, नोटिस जारी करने के निर्देश

**रायसेन।** सोमवार को टीएल बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने स्कूलों में बच्चों के प्रवेश, पाठ्य पुस्तकों का वितरण, मध्यान्ह भोजन वितरण तथा जाति प्रमाण बनाने की जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा करते हुए सभी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी से इसका कारण पूछा। डीइओ डीडी रजक द्वारा पोर्टल नहीं चलने के कारण छात्रवृत्ति भुगतान में विलंब होने की बात कहने पर कलेक्टर द्वारा जिला लोक सेवा प्रबंधक को पोर्टल ओपन कर वस्तुस्थिति जानने के लिए निर्देशित किया गया।

# अभियान चलाकर बनाए 10 प्रकरण, 8 लोग गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली/बाड़ी

आबकारी विभाग की टीम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर ग्रामों में तलाशी अभियान चलाया गया। देशी, विदेशी शराब और कच्ची शराब बनाने में उपयोग आने वाले गुड मिश्रित महुआ लाहन 840 किलो जप्त कर कुल 10 प्रकरण दर्ज किए जाने के साथ 8 लोगो को गिरफ्तार किया गया।

आबकारी एसआई राजेश विश्वकर्मा एवं उनकी टीम द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध चलाए अभियान में ग्राम अमरावद, भौडिया, गुरारिया, रमगढा, उदयपुरा, समनापुर, कुचवाडा, रतनपुर एवं चैनपुर में दबिश देकर भारी मात्रा में शराब जप्त कर 10 प्रकरण बनाए।।

### आठ हुए गिरफ्तार

कार्रवाई में 8 लोग सुरेश धाकड़, सुप्यार सिंह, महेश रायसिख, सुनीता चौधरी, गोविन्द राजपूत, लक्ष्मी बाई साहू, हब्बू रायसिख, राजेन्द्र रायसिख को गिरफ्तार किया। 2 लोग मौके से फरार हो गए। कार्यवाही में एक लाख रू. मूल्य से अधिक की शराब महुआ लाहन जप्त किया। कार्यवाही में एसआई राजेश विश्वकर्मा के साथ आरक्षक रामस्वरूप पटेल, सुश्री श्वेता शिवहरे, सैनिक हल्के परते, राकेश शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राज्यमंत्री ने लगाया 'जनता दरबार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शिवाजी सदन कार्यालय में जनता दरबार लगा कर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल से आए लोगो के आवेदन लेकर उनकी समस्याए सुनी समझी और निराकरण के निर्देश दिए।

राज्यमंत्री पटेल का कार्यक्रम पूर्व से निर्धारित था, परंतु उदयपुरा के नर्मदा तट बौरास में सौ गांवो के महायज्ञ में कलश ध्वजा रोहण कार्यक्रम के कारण बरेली आने में बिलंब हुआ। फिर भी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों से आए सेकडो लोगो को इंतजार बना रहा। जैसे ही राज्यमंत्री पटेल आए आवेदन देने, भेंट कर अपनी समस्याए सुनाने शिवाजी सदन में भारी भीड़ का नजारा बना रहा। पीएम आवास तो पेंशन और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने के संबंध में लोगो द्वारा आवेदन दिए जाते रहे।



### रेत ठेकेदार की मनमानी

तहसील के नर्मदा तट सतरावन से सरपंच संतोष कुमार ठाकुर के नेतृत्व में आए ग्रामीणों, किसानो ने रेत खदाने के ठेकेदार की मनमानी कार्यप्रणाली, सादी पर्ची टोकन पर राशि वसूली, ठेकेदार के लोगो द्वारा पुलिस ने झूठी शिकायत, प्रकरण दर्ज कराने के संबंध में पत्र सौंपा गया। राज्यमंत्री से ठेकेदार की मनमानी और जबरन अवैध वसूली पर रोक लगाने की अपील की। सतरावन रेत खदान पर दबंगो और ठेकेदार के लोगो द्वारा की जा रही मनमानी, लोडर मशीन से रेत भराई की कार्यप्रणाली के विरुद्ध पूर्व में कलेक्टर, जिला खनिज अधिकारी, एसडीएम थाने में शिकायतें की जा चुकी है। इसके बाद भी कोई कार्यवाही न होने से गांव के सेकडो मजदूर बेरोजगार हो गए है। रेत की भराई मजदूरों से कराये जाने का आग्रह किया।

# ईमानदारी का परिचय देते हुए तीन लाख 75 हजार रुपए किए वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

वर्तमान समय में इंसान एक रुपए के लिए बेईमानी पर उतर आता है। लेकिन नरखेड़ा पंचायत के गांव खेड़ा के एक शख्स ने ईमानदारी की एक ऐसी मिसाल पेश कि है, जिसकी सभी तारीफ कर रहे हैं।

शख्स द्वारा गलती से उनके बैंक अकाउंट में आए 3 लाख 75 हजार रुपए की राशि को खातेदार को वापस लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। ग्राम खेड़ा के निवासी लक्ष्मी नारायण लोधी पिता तेजराम ने बताया कि दो दिन पहले उनके खाते में 3 लाख 75 हजार रुपए की राशि जमा होने का मैसेज आया था। मैसेज आने के बाद लक्ष्मी नारायण ने बैंक में जाकर जिस अकाउंट से भुगतान हुआ है, उसका पता लगाया। बैंक से उन्हें पता लगा कि पैसा लता यादव पति स्वर्गीय घनश्याम केनरा



बैंक इंद्रपुरी भोपाल से ट्रांसफर हुए है। दो दिन बाद लता यादव के पुत्र गौरव यादव को दीवानगंज बैंक बुलाया गया। इसके बाद लक्ष्मी नारायण ने सारे पैसे लता यादव के खाते में ट्रांसफर करें।

गौरव यादव ने बताया कि मेरी मम्मी लता यादव ने खाता नंबर 13430100007349 में पैसे डाले थे थे, लेकिन गलती से खाता नंबर 13430100007549 में चले गए। हमें भी दो दिन बाद पता चला कि पैसे किसी गलत खाते में चले गए हैं। लक्ष्मी नारायण ने इमानदारी का परिचय देते हुए पूरे पैसे हमें वापस कर दिए हैं।

## पं शास्त्री ने सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई, नवयोगेश्वर संवाद सुनाया

# मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के सोनी मौहल्ला में चल रही संगीतमयी सप्त दिनी श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस सोमवार को कथा वाचक पंडित भूपेंद्र शास्त्री ने सुदामा चरित्र, नवयोगेश्वर संवाद, शुकदेव विदाई का प्रसंग सुनाया। कथा के मध्य में गीत संगीत व भजन किए। उन्होने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण कोई ग्रंथ नहीं है यह परब्रह्म परमात्मा का अक्षर रूप है। यह हमारे हृदय में भक्ति का जागरण कर हमें मुक्ति का मार्ग दिखाता है।

उन्होंने कहा कि भागवत महापुराण का मूल विषय ही भक्ति है। इसी मार्ग को अपनाकर हम चौरासी के बंधन से मुक्त हो सकते हैं। भागवत कथा भक्त और भगवान की कथा है। भक्ति मार्ग और उससे मिलने वाले पुण्य फल मनुष्य को धर्मए आस्था और आध्यात्मिकता से जोड़ते हैं। कथा के प्रताप से ही राजा परीक्षित को सातवें दिन ही मोक्ष मिला। भागवत कथा सुनने से ही पुण्य फल की प्राप्ति होती है।



सुदामा चरित्र पर बोलते हुए कथा वाचक ने कहा कि सुदामा जी निर्धन थे लेकिन दरिद्र नहीं। उन्होंने कहा कि असंतुष्ट व्यक्ति दरिद्र होता है जबकि सुदामा जी एक संतुष्ट ब्राह्मण थे। उन्होने कथा में मौजूद श्रद्धालुओं को समझाया कि भगवान की कृपा पाने के लिए हृदय का निर्मल होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास आ सकते थे लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है।

कथा वाचक पंडित भूपेंद्र शास्त्री के द्वारा उच्चारित किए गए मंत्रो से अनुष्ठान की क्रियाए पूर्ण की जाकर हवन कुण्ड में विष्व शांति, समृद्वि के लिए आहूतियां छोडी गई।